मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-399
17/09/2022

मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना की

पटना, 17 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर नवीन पुलिस केन्द्र स्थित राज्य पुलिस परिवहन मुख्यालय, पटना में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, मुख्य सचिवालय प्रांगण में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा और पटना हवाई अड्डा स्थित स्टेट हैंगर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा–अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री जीतेन्द्र सिंह गंगवार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढ़िल्लो सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******